राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्य प्रदेश शासन

बैकलॉग रिक्त पदों के विरूद्ध 2850 कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर की भर्ती

क्रमांक/एन.एच.एम./HWC/2021/8274 भोपाल दिनांक– 13/05/2021

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा बैकलॉग रिक्त पदो के विरूद्ध संबंधित वर्गो के उम्मीदवारों से 6 माह के सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयन हेतु मध्यप्रदेश राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन आंमत्रित किये जाते है। चयनित उम्मीदवारो को उक्त प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण करने के पश्चात् ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय संस्थाओं पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पद पर संविदा नियुक्ति दी जायेगी।

- **उपलब्ध स्थान :– लगभग 2850** (माह जून 2021 से अक्टुबर 2021 के मध्य चयन किया जायेगा।)
- चयन परीक्षा हेतु सामान्य दिशा–निर्देश, श्रेणी और प्रशिक्षण बैच वार स्थान, लिखित परीक्षा तिथि और ऑनलाइन एडमिट कार्ड/हॉल टिकट की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.nhmmp.gov.in या www.sams.co.in पर जाएं।
- **ऑनलाइन आवेदन :–** 15 मई, 2021 को सुबह 12:01 से 31 मई, 2021 को रात 11:59 बजे तक।
- **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यतायें** :– बी.एससी. (नर्सिंग)/पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग)/जी.एन.एम./बी.ए.एम.एस.।
- **आयु सीमा** :– 21 से 40 वर्ष (दिनांक 01/05/2021 की स्थिति में)। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक रूप से दिव्यांग तथा महिला अभ्यर्थियों को 5 वर्ष की छूट।
- **प्रशिक्षण सत्र एवं वर्गवार उपलब्ध स्थानो की संख्या :–**

CCCH Batch	Total Seats	Available Seats	UR		UR-EWS		ST		SC		OBC		PH			
			355		*652*		*947*		*266*		*189**		*49*			
			Open	Female	Open	Female	Open	Female	Open	Female	Open	Female	VH	HH	OH	MD
Jun-21	585	**494**	49	24	89	45	129	65	36	18	26	13	0	0	10	0
Jul-21	1680	**1420**	139	70	256	128	372	186	105	53	74	37	0	0	29	0
Oct-21	585	**495**	49	24	89	45	129	66	36	18	26	13	0	0	10	0
Total	**2850**	**2409***	**237**	**118**	**434**	**218**	**630**	**317**	**177**	**89**	**126**	**63**	**0**	**0**	**49**	**0**

नोटः–

1– उक्त अन्य पिछड़ा वर्ग की कुल 630 सीट में से 441 सीटों का आवंटन आरक्षण संबंधी विचाराधीन प्रकरण में मान. उच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार किया जायेगा।

2– प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत सीटें/पद महिलाओं के लिये आरक्षित रहेंगी।

- मानदेय एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन राशिः– कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (संविदा) के पद पर नियुक्ति पश्चात् मानदेय रू. 25000/– प्रतिमाह एवं कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि अधिकतम रू. 15000/– प्रतिमाह

महत्वपूर्ण निर्देशः–

1) केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। किसी अन्य स्रोतों/माध्यम से प्राप्त आवेदनों मान्य नहीं किये जायेंगे।
2) रिक्त स्थानों विरूद्ध चयन एवं पदस्थापना मध्य प्रदेश की राज्य आरक्षण नीति के अंतर्गत नियमों के अधीन किये जायेंगे।
3) अपूर्ण जानकारी या फोटो, हस्ताक्षर/आवश्यक दस्तावेजों के बिना भरे गये आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
4) यदि भर्ती के किसी भी चरण में, यह पाया गया है कि उम्मीदवार पात्रता को पूरा नहीं करता है और उसने गलत सूचना/ प्रमाण पत्र/ दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या किसी भी भौतिक तथ्य को छुपाया गया है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी।
5) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में भर्ती से संबंधित किसी भी मामले में एनएचएम, मध्य प्रदेश का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।
6) चयन पूरी तरह से ऑनलाइन लिखित परीक्षा पर आधारित होगा।
7) सर्टिफिकेट इन कम्युनिटी हेल्थ प्रशिक्षण (CCH) में 6 महीने के प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के समय किसी भी केंद्रीय/राज्य नर्सिंग परिषद या केंद्रीय/राज्य आयुर्वेद, यूनानी चिकित्सा प्रणाली और प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड से पंजीकरण होना चाहिए।
9) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पास रिक्त पदों की संख्या में बदलाव, नियमों में संशोधन और चयन के किसी भी समय प्रक्रिया का अधिकार है। ऐसा कोई भी संशोधन मान्य और बाध्यकारी होगा।
10) उम्र गणना के लिए 01/05/2021 को संदर्भ तिथि के रूप में लिया जाएगा।

मिशन संचालक, एन.एच.एम, मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्य प्रदेश
लिंक रोड न.–03, पत्रकार कॉलोनी के सामने, भोपाल, म.प्र, (402016)
वेबसाइट : www.nhmmp.gov.in और www.sams.co.in
हैल्पलाईन नम्बर 7428664124; 9650194092; **ईमेल :**mpcho@sams.co.in